तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 26 सितंबर 2024

12 गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए सात...


12 रासेयो के स्थापना दिवस पर हुईं निबंध लेखन...




## खबर संक्षेप



### ठेलकाबोड़ में मनाई पं.दीनदयाल की जयंती

**कांकेर।** पंडित दीनदयाल के जयंती पर सदस्यता अभियान के तहत अटल चौक ठेलकाबोड़ बड़ेपारा में मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भरत मटियारा, दोलेश जैन, गोकुल, बूथ अध्यक्ष योगिता ठाकुर, अनीता सिन्हा, साधना मटियारा, संतोष मटियारा, दिनेश कुंभकार, गणेश शंकर, रोहित, दिलीप बलिहार समस्त भाजपा सदस्य शामिल हुए। इस पर्व पर बूथ अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी के बच्चो को दीनदयाल उपाध्याय के जयंती बिस्कुट का वितरण किया।

### आमाकड़ा के दो छात्रों का दिल्ली परेड के लए चयन



**दुर्गूकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमकड़ा की छात्रा मनीषा हिड़को व खिलेशवर कोमरे कक्षा 11 वी का चयन आरडीसी में हुआ है। यह चयन प्रक्रिया जिला स्तरीय चयन समिति राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संघटक द्वारा किया गया। चयनित स्वयं सेवकों को गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली में सम्मिलित किया जाएगा।

### ओपन परीक्षा के लिए 5 अक्टूबर तक है मौका

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एसडी दास के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य अवसर परीक्षा नवंबर 2024 में सम्मिलित होने के लिए सामान्य शुल्क के साथ आवेदन फार्म 5 अक्टूबर तक अैर विलंब शुल्क के साथ 6 से 10 अक्टूबर 2024 तक जमा कर सकते है। द्वितीय परीक्षा अगस्त की भांति नवंबर में होगी। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने छात्र-छात्राएं ऑनलाइन एवं अध्ययन केदो के माध्यम से परीक्षा आवेदन फार्म जमा कर सकते हैं।

### गुमलवाड़ा में जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**जगदलपुर।** राज्य शासन की मंशानुरूप आम जनता की समस्या-शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले के जगदलपुर विकासखण्ड अंतर्गत दूरस्थ ग्राम गुमलवाड़ा में 27 सितम्बर को नियत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया गया है। उक्त स्थान पर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन हेतु आगामी तिथि की सूचना पृथक से दी जाएगी।

---

### समस्या : 15 घंटे बाद टूटा फाल्ट मिला, उसके बाद व्यवस्था बहाली के लिए मशक्कत

# पेयजल के लिए शहर में 3 दिनों तक मचा हाहाकार, विधायक नेताम से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर की आधी पब्लिक को तीन दिनों से पानी की सप्लाई नहीं होने से हाहाकार मच गया था। दो दिनों तक

- मुख्य सड़क के मध्य में खुदाई होने से बीती रात से यातायात भी प्रभावित
- अकुशल मजदूरों के कारण पाइप हुआ क्षतिग्रस्त, लाखों का हुआ नुकसान

कोई सुधार नही होने पर पब्लिक ने सीधे विधायक आशाराम नेताम को काँल करने लगी। विधायक बीती रात को 8 बजे ऊपर नीचे रोड पहुँचे और तत्काल काम करने नगर पालिका को निर्देशित किया। बीती रात 9 बजे से चली खुदाई में रातभर में टूटा हुआ पाईप नहीं मिला। 15 घंटे बाद टूटा हुआ पाईप मिला, तब व्यवस्था बहाल हो पाई।

जानकारी के अनुसार एयरटेल कंपनी शहर के प्रत्येक वार्ड में केबल डालने का काम कर रही है। कंपनी के अकुशल मजदूरों की लापरवाही के कारण 22 सितंबर को ऊपर नीचे रोड पर होल करने के दौरान मुख्य पाईप लाईन को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसके चलते 22 सितंबर से कांकेर शहर के आधी आबादी को पानी नहीं मिल पा रहा था। शहर के 21 वार्डो में से 11 वार्डो को जवाहर वार्ड, माहुरबंदपारा, शिव नगर, आमापरा, मांझापारा, उदय नगर, अलबेलापारा, भंडारीपारा, महादेव वार्ड, शीतलापारा, संजय नगर में पानी की सप्लाई बाधित हुई और शहर में हाहाकार मच गया था। पब्लिक की समस्या की सुनवाई नहीं होने पर पब्लिक ने सीधे विधायक आशाराम नेताम को 24 सितंबर को समस्या से अवगत कराया। विधायक बीती रात यानी 24 सितंबरकी रात को 8 बजे पाईप जिस स्थान पर टूटा, वहाँ पहुँचे और जायजा लेकर नगरपालिका को तत्काल खुदाई करके पाईप को ठीक करने कहा। नगरपालिका ने रात को लगभग 9 ▶▶| शेष पेज 10 पर





#### यातायात भी हुआ प्रभावित

शहर के मुख्य मार्ग की सड़क को बींचोबीच पाईप लाईन का पता लगाने के लिए 24 सितंबर से रात 9 बजे खुदाई शुरू हुई, तब से यातायात भी प्रभावित हुआ। यातायात को बेहतर बनाए रखने के लिए रात 9 बजे से लगी टीम रातभर डटी रही वहीं नई टीम सुबह पहुँचकर यातायात व्यवस्था को बहाल करने में मदद करते हुए नजर आएं।

#### नगरपालिका की टीम रातभर डटी रही

विधायक आशाराम नेताम के जाने के उपरांत नगर पालिका के प्रतिपक्ष नेता जयंत अटभैया, माहुरबंदपारा के पार्षद दीपक शोरी, शहर मंडल महामंत्री अरूण कौशिक, गिरधर यादव, मोंटी खटवानी, योगेश साहू, लोकेश तिवारी, गफ्फार मेमन, नगरपालिका के सीएमओ सोहेल कुमार, सब इंजीनियार राहुल थवानी और उनकी टीम रातभर डटी रही। नगरपालिका के सीएमओ और सब इंजीनियर के रातभर डटे होने के कारण ही फाल्ट को जल्द खोजा जा सका और कार्य प्रारंभ होने के 18 घंटे बाद पानी की सप्लाई हो पाई।

#### लाखों का हुआ नुकसान, कंपनी भरेगी हर्जाना

फोन कंपनी के केबल डालने वाले अकुशल मजदूरों की लापरवाही के कारण लाखों का नुकसान हुआ है। ढाई दिन तक पानी नहीं मिलने वाले चार्ज की गणना की जाएगी तो लाखों रूपए शहर की पब्लिक का नुकसान हुआ है, उसके अलावा गड्ढा खोदने और पाईप के खर्च को मिलाया जाएं तो नुकसान कई लाख का निकलेगा। नगरपालिका के अधिकारियों का कहना है कि जो नुकसान हुआ है, उसका पूरा खर्च केबल डालने वाली कंपनी को उठाना पड़ेगा।

---

## बसंतनगर में चोरों का धावा लैपटाप और जेवरात ले उड़े




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थाना अंर्तगत बसंतनगर नारायणपुर में सूने मकान में चोरो ने धावा बोलकर अलमारी में रखे लैपटाप और जेवरात को ले उड़े। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँची 50 वर्षीय उमेश्वरी यादव पति शंकर यादव निवासी बंसतनगर नारायणपुर थाना भानुप्रतापपुर जिला कांकेर की रहने वाली हूँ और मैं गृहणी हूं। मेरे पति शंकरधर यादव का स्वास्थ्य खराब होने से गौतम अस्पताल भानुप्रतापपुर में 28 अगस्त को भर्ती किए थे। गौतम अस्पताल से रिफर करने पर मेरे पति को 30 अगस्त को सुबह करीबन 11 बजे लेकर आरोग्यम अस्पताल दुर्ग गए, जहां मेरे पति को भर्ती कराकर 14 सितंबर तक ईलाज कराया और 15 सितंबर को दोपहर को लगभग 2 बजे वापिस घर आई, तो देखा कि मेरे मकान के पिछले हिस्से कि खिड़की की जाली टूटी हुई थी, अंदर कमरे में जाकर देखी तो घर में रखे आलमारी खुला था। आलमारी में रखे एक लेपटाप कीमती करीबन 25,000 रूपएं एवं 01 जोड़ी चांदी का पायल कीमत करीबन 5000 रूपएं जुमला 30,000 रूपएं आलमारी में नहीं था, आसपास पता तलाश खोजबीन किया नही मिला, मुझे लगता है कि किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है।

प्रार्थिया की शिकायत पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

---

## वित्तीय साक्षरता और स्वच्छता पर छात्रों को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



भारतीय स्टेट बैंक और जिला अग्रणी बैंक के तत्वाधान में शैक्षणिक संस्थानों में जाकर छात्र-छात्राओं को वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। बैंकिंग जगत में हो रही समस्याओं का समाधान कैसे प्राप्त किया जा सकता है, किस प्रकार के फ्रॉड से बचा जा सकता है और धोखाधड़ी के शिकार होने पर क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, इन सभी महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों को जागरूक किया जा रहा है।

वित्तीय साक्षरता के अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बैंकिंग और वित्तीय जगत की बुनियादी जानकारी से सशक्त बनाना है। आज के डिजिटल युग में बैंकिंग सेवाओं में होने वाले फ्रॉड और धोखाधड़ी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए छात्रों को बताया जा रहा है कि ऑनलाइन बैंकिंग के दौरान क्या सतर्कताएं रखनी चाहिए, कैसे सुरक्षित लेन-देन किया जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी बैंक को तुरंत दें, इसके साथ ही बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान कैसे प्राप्त किया जा सकता है, यह भी विस्तार से समझाया जा रहा है। वित्तीय साक्षरता अभियान के साथ ही साक्षरता ही सेवा है अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा में छात्रों को स्वच्छता के महत्व पर भी जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिसमें वे अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प ले रहे हैं। इस पखवाड़े का उद्देश्य छात्रों में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है, जिससे वे अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को प्राथमिकता दें और समाज में इसका संदेश फैलाएं। यह पहल छात्रों को न केवल वित्तीय ज्ञान से सशक्त कर रही है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी कर रही है। भारतीय स्टेट बैंक और एनजीओ संस्था से समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## प्राचार्य के सूने मकान से 2 लाख की चोरी, आरोपियों की तलाश





**कांकेर।** दंतेवाड़ा के महाविद्यालय में पदस्थ प्राचार्य के कांकेर में उदयनगर में स्थित सूने मकान में अज्ञात चारों ने विगत सात दिनों में धावा बोला और घर पर रखे नगदी 2 लाख को पार कर दिया। प्राचार्य की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार कांकेर थाना को जानकारी देने वाले 61 वर्षीय डा. रविन्द्र कुमार हिरकने पिता स्व. फूलचंद हिरकने ने बताया कि मैं उदयनगर कांकेर थाना कांकेर का रहने वाला हूँ और दंतेवाड़ा महाविद्यालय में प्राचार्य के पद पर पदस्थ हूँ। मेरा उदयनगर में मकान नंबर 24 है और मैं 18 सितंबर को घर पर ताला लगाकर दंतेवाड़ा गया था और 25 सितंबर की सुबह 5 बजे के आसपास मेरे घर के सामने के दरवाजा एवं चैनल गेट का ताला तोड़कर घर अंदर घुसकर आलमारी में रखे नगदी रकम 2 लाख रूपएं की चोरी हो गई। मैं दंतेवाड़ा से कांकेर आना जाना करता रहता था। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और चोरी करने वालों के तरीकों का अध्ययन किया। एक चोर के पकड़े जाने के बाद से लगभग 15 दिनों से कांकेर थानांतर्गत चोरी की घटनाओं पर विराम लग गया था। इस चोरी ने फिर से पुलिस महकमे की नींद को उड़ा दिया है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर 25 सितंबर को कांकेर जिला के सभी बूथों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। जिला भाजपा कार्यालय कमल सदन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने दीप प्रज्वलन कर उनके जीवन दर्शन पर अपने विचार व्यक्त किए।

भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कार्यकर्ताओं को कहा कि भाजपा एक विचारधारा को लेकर बिना विचलित हुए 2 स्थान से 303 सांसदों तक पहुची है, उस विचारधारा के प्रणेता प. दीनदयाल उपाध्याय थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए जीवन नीति को समावेश करते हुए पीएम मोदी ने अर्थनीति का निर्माण किया। मतलब ऐसे समाज जहाँ शोषित, पीड़ति, वंचित व्यक्ति को शासन की योजना से लाभ दिलाकर उसका जीवन स्तर ऊपर उठाएं। सांसद भोजराज नाग ने कहा यह पं. दीनदयाल का विचार ही था, जिसे पीएम मोदी ने आवास योजना, आयुष्मान योजना, जल जीवन योजना के माध्यम से धरातल पर उतारा। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल के दिखाए मार्ग पर चलते हुए आम आदमी के लिए सेवा कार्य करना ही हमारा उद्देश्य है।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि सम्पूर्ण सृष्टि का मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक व समग्र विकास का चिंतन पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने किया और उनके विचारों को जमीनी स्तर पर उतारने का कार्य मोदी जी ने किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल के चिंतन पर आधारित पीएम मोदी के कार्यो की प्रशंसा पूरा विश्व कर रहा है। विधायक ने कांकेर ग्रामीण मंडल के कोकड़ी गाँव मे आयोजित सदस्यता अभियान में भाग लिया। भाजपा के जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल व्यक्ति नही विचारधारा है और उनकी जन्म जयंती उन विचारधाराओं के संकल्प को जीवन मे उतारने का अवसर है। जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, नीलू तिवारी, मीडिया प्रभारी निपेंद्र पटेल कांकेर शहर के बरदेभाटा में एक-एक घर घूमकर भाजपा के नए सदस्य बनाए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा द्वारा 25 सितंबर को पूरे जिले में वृहद सदस्यता अभियान चलाया। इस अवसर पर सभी बूथों में प्रभारी नियुक्त कर प्रत्येक बूथों में 200 नए भाजपा सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया।

## रासेयो का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**सरोना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना में राष्ट्रीय सेवा योजना सरोना इकाई ने 55 वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत उठे समाज के लिए उठे/" गीत से हुई, जिसने स्वयंसेवकों में देशभक्ति की भावना से भर दिया। स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य जितेंद्र प्रसाद तिवारी, प्रदीप कदम, सतीश प्रसाद नेताम और कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र कुमार सिंहा ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्राचार्य ने समाज सेवा में सकारात्मक योगदान देने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। वरिष्ठ व्याख्याता ने एनएसएस की आवश्यकता और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, जबकि प्रदीप ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास पर विचार साझा किए। कार्यक्रम ▶▶| शेष पेज 10 पर

## आयुष चिकित्सा शिविर 1 अक्टूबर को होगा

**कांकेर।** जिला आयुर्वेद विभाग द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन 01 अक्टूबर दिन मंगलवार को पॉलीक्लीनिक श्रीरामनगर में प्रातः 09 से सायं 05 बजे तक किया जाएगा। उक्त शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी पद्धति के अनुभवी चिकित्सकों टीम द्वारा चिकित्सा एवं परामर्श दिया जाएगा, जिसमें मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप, उदर संबंधी बीमारियां, कान, नाक, गला रोग, बवासीर, भगंदर, नाड़ी व अस्थि संधिजन्य रोग, वृद्धवस्था जन्य रोग विकार, किशोरी-किशोरावस्था जन्य व्याधियां, कुपोषण जन्य व्याधियां, मौसमी एवं सामान्य रोगों का उपचार किया जाएगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि आयुष चिकित्सा शिविर में उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य जांच कराकर इसका लाभ अवश्य उठाएं।

---

### प्रधानमंत्री आवास को लेकर ग्रामीणों में बढ़ी जागरूकता

# जनसमस्या शिविर में पीएम आवास की सबसे ज्यादा मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शिविर में 341 आवेदन मिले, जिसमें से 129 का मौके पर ही निराकरण

महतारी वंदन के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा माँग प्रधानमंत्री आवास की हो रही है, इससे यह स्पष्ट है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास को लेकर जागरूकता बढ़ी है। जिले में लगने वाले शिविरों व जनदर्शन में सबसे ज्यादा माँग पीएम आवास की ही आ रही है। एसेबेड़ा में 25 सितंबर को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में भी ग्रामीणों की माँग में सबसे ज्यादा आवेदन पीएम आवास के ही थे। विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के ग्राम एसेबेड़ा के हाईस्कूल मैदान में 25 सितंबर को आयोजित विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहकर आवेदनों का मौके पर निबटारा किया गया। शिविर में कुल 341 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 129 आवेदन को मौके पर ही निराकृत किया गया, शेष 212 आवेदनों को गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जनसमस्या निवारण शिविर एसेबेड़ा में सर्वाधिक 245 आवेदन पंचायत विभाग को प्राप्त हुए, जिनमें से ज्यादातर प्रधानमंत्री आवास के आवेदन थे। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि एसेबेड़ा जैसे दूरस्थ क्षेत्र में आवेदकों के द्वारा रूचि लेना सराहनीय है। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम के तहत अधिकाधिक संख्या में पौधे लगाने का आव्हान ग्रामीणों से किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा जिले के 20 हजार से अधिक हितग्राहियों के खाते में प्रथम किशत की राशि जारी हो चुकी है। इसके अलावा प्रतीक्षा सूची में आने वाले सभी पात्र हितग्राहियों को योजना के दायरे में शामिल किया गया है, जिसका लाभ उन्हें निकट भविष्य में अवश्य मिलेगा। कलेक्टर द्वारा हाई स्कूल का निरीक्षण कर विद्यार्थियों का पढ़ाई के प्रति उत्साहवर्धन करते हुए अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होकर अपने और जिले का नाम रौशन करने की बात कही। तत्पश्चात कलेक्टर ने पखांजूर सिविल अस्पताल का भी निरीक्षण किया तथा मरीजों का बातचीत कर उनका हालचाल जाना। अस्पताल में साफ-सफाई और पर्याप्त मात्रा में दवाईयों के भण्डारण के लिए बीएमओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



#### पीएम आवास का मिला स्वीकृति आदेश

शिविर स्थल में कलेक्टर द्वारा मौके पर ग्राम पंचायत एसेबेड़ा के 06 हितग्राही सगरो बाई, कुमारी बाई टेकाम, बालाराम शोरी, गवोलीन बाई, सुकरबती और तरामणी को प्रधानमंत्री आवास के लिए स्वीकृति आदेश दिया गया। साथ ही साथ राजस्व विभाग की ओर से 14 किसानों को कलेक्टर द्वारा निःशुल्क किसान किताब एवं बी-1, नक्शा, खसरा वितरित किया गया।

## कृषि शैक्षणिक भ्रमण के लिए किसान रवाना



**कांकेर।** परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत योजनांतर्गत राज्य स्तरीय 5 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम लोहत्तर के कृषकों के बस को हरी झंडी जनप्रतिनिधियों द्वारा दिखाकर दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी मंदिर दर्शन, कटेकल्याण में परंपरागत कृषि विकास योजना के समूह से मुलाकात, जगदलपुर में दरभा में परंपरागत कृषि विकास योजना के कृषकों से मुलाकात, चित्राकोट, कोंडागांव में राजाराम त्रिपाठी ▶▶| शेष पेज 10 पर

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### धान खरीदी में गड़बड़ी करने वाला समिति प्रबंधक हुआ गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** कोण्डागांव पुलिस ने धान खरीदी में अनियमितता के आरोप में ग्राम गिरोला के धान खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक संतोष साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी संतोष साहू को 25 सितंबर को मदनपुर थाना तखतपुर से गिरफ्तार किया गया है।

### नवाचारी शिक्षक रोशन को मिला सावित्री बाई फुले शिक्षा सम्मान



**कोण्डागांव।** दुर्ग में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में रोशन सोनी सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला जामपारा मिरमिंडा विकासखंड माकड़ी कोंडागांव को सावित्री बाई फुले शिक्षा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। इससे पहले शिक्षक रोशन सोनी 2021 में कोंडागांव जिले में मुख्यमंत्री शिक्षक गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरस्कार, जिला स्तरीय युवा महोत्सव बांसुरी वादन में जिले में प्रथम स्थान पुरस्कार, संभाग स्तरीय युवा महोत्सव बांसुरी वादन में द्वितीय स्थान पुरस्कार,सामाजिक आर्थिक सर्वे 2023 में उत्कृष्ट प्रशिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दुर्ग विजय बघेल, कार्यक्रम अध्यक्षता विधायक गजेंद्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, निधि चंद्राकर सम्मिलित रहे। राज्य स्तरीय इस शिक्षा सम्मान के लिए संकुल समन्वयक लिलार सिंह कोठारी, संकुल के समस्त शिक्षकगण, विकासखंड से बीआरपी, बीआरसी एवं राजू राम साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी माकड़ी, विकासखंड माकड़ी के शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान में जुटे कोंडागांव के पेंशनर



**कोण्डागांव।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ भवन में पेंशनरों ने सुबह 8 बजे से एकत्रित होकर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत पेंशनर भवन के प्रांगण एवं परिसर में मय फावड़ा रापा तथा झाड़ू के साथसफाई करते नजर आए। नगर पालिका को इसकी सूचना मिलने पर वरिष्ठ नागरिकों वृद्धों के सहयोग हेतु नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार साहू मौके पर कुछ सफाई कर्मियों तथा ट्रैक्टर एवं जेसीबी के साथ पहुंचकर पेंशनरों द्वारा सफाई किए गए मलबे–कचरे को उठाया तथा पेंशनर भवन के सामने पड़े हुए पुराने कचरे एवं घास फूस की सफाई जेसीबी द्वारा किया गया। कचरे को ट्रैक्टर में डालकर अन्यत्र ले जाया गया। पेंशनर भवन के आसपास इस सफाई से बुजुर्ग पेंशनरों का स्वच्छता ही सेवा का संकल्प भी पूरा हुआ। सफाई उपरांत अध्यक्ष एसपी विश्वकर्मा नेअभियान में सहृदयता पूर्वक पेंशनरों के सहयोग के लिए उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। जानकारी जिलाध्यक्ष एसपी विश्वकर्मा द्वारा दी गई। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोंडागांव के अध्यक्ष प्रज्ञा पुत्र वैद्य कवि इंजीनियर एसपी विश्वकर्मा, राम बाघ, आर सी सेठिया, डी आर कश्यप, एस एस ठाकुर आई सी निषाद तथा संग्राम सिंह यादव के अलावा नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष साहू एवं सहयोगी सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़ गारकापाल में 107 छात्र- छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

## चिरायु योजना के तहत बच्चों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के बाखरा संकुल अंतर्गत स्थित कुकाड़ गारकापाल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आरबीएसके के तहत चिरायु योजना के अंतर्गत 107 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। योजना का उद्देश्य जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों में होने वाली बीमारियों, विकलांगताओं और विकास संबंधी देरी को पहचान कर उनका समय पर इलाज कराना है। स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल डॉक्टर आशीष कुमार मसीह, डॉक्टर मुक्ति नेताम, सुनीता नायक और साधना कुंजाम ने बच्चों का परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान बच्चों की आंख, सुनने की समस्याएं, त्वचा संबंधित बीमारियों की पहचान की गई। जिन बच्चों को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता पाई गई, उन्हें जिला अस्पताल कोंडागांव में उचित इलाज के लिए निर्देशित किया गया।स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान शाला के सभी शिक्षकगण शंकरलाल बोध प्रधानपाठक, रायसिंह ठाकुर, राजू राम दीवान, गेंदलाल पोयाम, शैलेंद्र ठाकुर, वेदप्रकाश ठाकुर, ईश्वरी रावटे और चुमेन ध्रुव उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग दिया और बच्चों को जागरूक किया।

### क्या है चिरायु योजना

चिरायु योजना राज्य सरकार की ओर से शुरू की गई एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना है। योजना का उद्देश्य है कि बच्चों में प्रारंभिक अवस्था में ही बीमारियों और विकास संबंधी समस्याओं की पहचान कर उनका सही समय पर इलाज किया जा सके। इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार और जागरुकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है।



### कमियों की हो रही पहचान

इस तरह के स्वास्थ्य परीक्षणों से बच्चों को न केवल बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही हैं, बल्कि उनके विकास में आने वाली समस्याओं को समय रहते पहचानकर दूर करने का प्रयास भी हो रहा है। यह कदम बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को सुनिश्चित करने में सहायक साबित हो रहा है। बच्चों के वजन, ऊंचाई, आंख, कान, नाक, दांत, त्वचा, मुंह और गला और पैरों की जांच की गई।

## क्राइम : न्यायिक रिमांड पर आरोपी भेजा गया जेल

# घरेलू विवाद में पिता ने कर दी बेटे की हत्या, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



■ जिले के माकड़ी क्षेत्र का मामला

जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। घरेलू विवाद के चलते एक पिता ने अपने ही बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोंडागांव जिले के माकड़ी थाना क्षेत्र का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 सितंबर को देवेन्द्र नेताम और उसके पिता घुड़राम नेताम के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान गुस्से में आकर घुड़राम नेताम ने लोहे की छड़ से देवेन्द्र नेताम के सीने पर प्रहार कर दिया। हमले में देवेन्द्र नेताम की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पत्नी लखमी नेताम ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी घुड़राम नेताम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना एक बार फिर घरेलू हिंसा की गंभीरता को उजागर करती है। छोटे–छोटे विवादों को हिंसा के जरिए सुलझाने से समाज पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसके लिए सामाजिक जागरुकता जरूरी है। आरोपी घुड़राम नेताम को 25 सितंबर को न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। मृतक देवेन्द्र नेताम के परिवार वालों को इस घटना से गहरा सदमा लगा है।

### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में निरीक्षक सुशील पटेल, सउनि गिरीश कतलम, शांति माधव, आरक्षक प्रकाश मण्डावी, राजू पानीग्राही एवं महिला आरक्षक प्रेमलता दीवान का योगदान सराहनीय रहा।

# कवर्धा प्रकरण : जिला साहू संघ ने सीएम के नाम पर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ प्रशांत के परिजन को उचित न्याय नहीं मिलने पर आरपार की लड़ाई लड़ेंगे : राजेश

जिला मुख्यालय में भी कोंडागांव जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष राजेश साहू के नेतृत्व में अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मृतक प्रशांत के परिजन को 50 लाख का मुआवजा देने की मांग की है। छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रांताध्यक्ष टहल सिंह साहू के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत में कवर्धा कांड प्रशांत साहू की पुलिस अभिरक्षा में संदेहास्पद मौत के विरुद्ध में सभी जिला मुख्यालय में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा जा रहा है। इसी कड़ी में कोंडागांव में भी ज्ञापन सौंपा गया। साहू संघ के जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि कवर्धा जिले में आगजनी साहू समाज की कुलदेवी भक्त माता कर्मा का अपमान एवं प्रशांत साहू कवर्धा का पुलिस अभिरक्षा में संदेहास्पद मौत होने पर छत्तीसगढ़ साहू समाज में भारी आक्रोश का माहौल निर्मित हो गया हैं। स संबंध में उक्त अप्रिय घटनाओं का त्वरित और विस्तारित जांच करवा कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिया जाए। मृतक प्रशांत साहू के परिवार को उचित न्याय दिलाते हुए 50 लाख मुआवजा राशि प्रदान किया जाए। प्रशासन इस विषय को गंभीरता से नहीं लेते हैंय तो पुरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के साहू समाज प्रशांत साहू को उचित न्याय दिलाने के लिए आर– पार की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन – प्रशासन की होगी।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला साहू संघ के महामंत्री बसंत साहू, बीरस साहू प्रदेश सचिव, चन्दन लोमेश साहू उपाध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, संतोष साहू पूर्व जिला अध्यक्ष, अशोक साहू प्रांतीय सहसंयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, पवन साहू संभागीय प्रवक्ता बस्तर संभाग एवं जिला मीडिया प्रभारी, प्रदीप साहू नगर अध्यक्ष कोंडागांव,हरीश साहू नगर अध्यक्ष फरसगांव, उमेश साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ कोंडागांव, महेंद्र साहू प्रांतीय कार्यकारी सदस्य युवा प्रकोष्ठ, नीलचंद साहू ग्रामीण अध्यक्ष मैनपुर, सुकलू साहू, भगत साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनशिक्षण संस्थान की उपशाखा में कार्यक्रम

# मुलमुला में एक पेड़ मां के नाम पर रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जनशिक्षण संस्थान कोण्डागांव की उप शाखा ग्राम पंचायत मुलमुला में 20 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम पर पौधों का रोपण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत देवांगन ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां हर दुःख सहकर भी अपने बच्चों का पालन पोषण करती है। हर मां अपने बच्चों पर स्नेह लुटाती है। जन्मदात्री मां का यह प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है, जिसे कोई चुका नहीं सकता। प्रधानमंत्री श्री मोदी का सोचना है कि अब हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं लेकिन और कुछ कर सकते हैं। इसी सोच में इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का नाम है एक पेड़ मां के नाम। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुलमुला के प्राचार्य झिटकू राम मरकाम ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत देवांगन ब्लॉक अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि शाउमा विद्यालय मुलमुला के प्राचार्य झिटकू राम मरकाम, मंगऊ राम देवांगन शिक्षक, बी. आर. साहू शिक्षक, नारायण साहू शिक्षक, तीजू राम कोर्राम शिक्षक, श्रीमती ओमना लकड़ा शिक्षिका, श्रीमती केसर वर्मा शिक्षिका जनशिक्षण संस्थान के निदेशक पुष्पराज अनंत, वासुदेव कटेन्द्र कंप्यूटर आपरेटर, श्रीमती सोनी मानिकपुरी प्रशिक्षिका एवं स्कूल के सभी विद्यार्थी तथा प्रशिक्षु उपस्थित रहे।



# जिले में कानून व्यवस्था को लेकर सतर्क एवं सजग रहें : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ एसडीएम और पुलिस अधिकारियों के मध्य बेहतर समन्वय के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए सभी एसडीएम और पुलिस अधिकारियों के मध्य बेहतर समन्वय के लिए बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर सतर्क और सजग रहने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी छोटी या बड़ी घटना होने पर तुरंत संज्ञान में लेते हुए शांतिपूर्ण ढंग से कार्रवाई करें। इस दौरान आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि नशीले पदार्थों के अवैध परिवहन, खरीदी व बिक्री पर भी कड़ी निगरानी रखें और इससे संबंधित प्रकरण मिलने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें।

### अतिक्रमण को रोकने के लिए बढ़ाए पेट्रोलिंग

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि केशकाल में सड़क मरम्मत के दौरान सुव्यवस्थित परिवहन व्यवस्था के निर्देश देते हुए कहा कि आम नागरिकों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने वन विभाग के अधिकारियों को वृक्ष कटाई एवं अतिक्रमण को रोकने के लिए पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने सभी पुलिस अधिकारियों को किसी भी घटना पर कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## एक लाख भाजपा के सदस्य बनाने का लक्ष्य

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा का मोर बूथ मोर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव जिले में लगभग 20 हजार भाजपा के सदस्य बनाये जा चुके हैं। 1 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जिले के प्रत्येक बूथ में भाजपा के 100 सदस्य बनाए जाएंगे। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। जिलाध्यक्ष श्री अरोरा ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता जिले के 587 बूथों में काम होगा। सभी मंडलो में अभियान के तहत बैठकें भी हुई हैं। मोर बूथ मोर अभियान में 100 सदस्य बनाने का नारा दिया गया है। जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारी से लेकर बूथ के कार्यकर्ता, सांसद, विधायक, मंत्री, पार्षद एवं जिला–जनपद के जनप्रतिनिधि से लेकर पंच–सरपंच सभी को बूथ में जाने का लक्ष्य दिया गया है। इस दौरान बूथों पर 8 से 10 घंटे रहकर वहां के लोगों से मुलाकात करना है, भोजन भी उन्हीं लोगों के साथ करना है और उसके बाद 100 सदस्य बनाना है। इस अभियान को गति देने के लिए कोंडागांव विधायक लता उसेण्डी कोंडागांव शहर मण्डल के सरगीपाल पारा के बूथ के बाद उसके पश्चात कुम्हार पारा, मसोरा, चिपावंड, काकड़बेडा, मुलमुला बूथ के सदस्यता अभियान कार्यक्रम में। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम केशकाल मंडल के बूथ मुलनार और कुकड़ागार के सदस्यता कार्यक्रम में। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा शामपुर और गागड़ा में सम्मिलित रहेंगे, पूर्व विधायक सेवक राम नेताम पारोण्ड प्रा. शाला बूथ में, मनोज जैन रांधना बूथ में,प्रवीर बदेशा फरसगांव के बाजार पारा बूथ में,तरुण साना फरसगांव मण्डल के हिर्री बूथ में, आकाश मेहता केशकाल मंडल के बोरगांव बूथ में, कोंडागांव नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड के बूथ में कार्यरत रहे। अभियान में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी एक–एक बूथ में 100 सदस्य बनाने के लिए शामिल रहेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष सहित नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, प्रदीप नाग, प्रतोष त्रिपाठी, रौनक दीवान, संतोष पात्र, देवेंद्र, अश्विनी पांडे व अन्य मौजूद रहे।



# जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन प्रक्रिया का आयोजन



**कोण्डागांव।** शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर कालेज परिसर में जिला स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागांव, कन्या महाविद्यालय कोण्डागांव, शासकीय महाविद्यालय फरसगांव, महेश बघेल दण्डकारण्य महाविद्यालय केशकाल एवं नवीन महाविद्यालय माकड़ी के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय स्तरीय पर चयन होकर जिला स्तर पर प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर जिला कोण्डागांव के डीएसपी सतीश कुमार भार्गव स्वयंसेवकों को मार्गदर्शित करने के लिए उपस्थित हुए। जिन्होंने परेड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दिया। इस अवसर पर जिला संगठक शशिभूषण कनौजे, प्राध्यापक शोभाराम यादव, कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई एवं परेड चयन प्रक्रिया के लिए साइबर सेल आरक्षक विभाग से संतोष कोड़ोपी उपस्थित रहे। जिला स्तर पर अलग–अलग कालेजों से 5 स्वयंसेवकों का चयन किया गया। चयनित स्वयंसेवकों में बबलू राम, दीप्ति यादव, लिशा वैध, मिनिता कोर्राम, निताई बराई, आयुष नेताम, जोशना नेताम एवं ममता पोयाम जिला स्तर पर चयन होकर विश्वविद्यालय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्वयंसेवकों को परेड अभ्यास करने में स्वयंसेवक ओमप्रकाश यादव, ओमप्रकाश पोयाम एवं रयतू राम का विशेष भागीदारी रही। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक अजीत कुमार, देवेंद्र सेठिया, मनेश, विजय, टिकेंद्र, अंजू, द्रोणा एवं साथी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 3 प्रकरणों में वारिसों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के ग्राम भीरागांव ब निवासी सुखबती देवागंन की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पति फिरतूराम देवागंन को, कोण्डागांव तहसील के महात्मा गांधी वार्ड कोण्डागांव निवासी कानू विश्वास की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी गीता विश्वास को एवं कोण्डागांव तहसील के ग्राम पल्ली निवासी सोनउराम नेताम की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी सांयती नेताम को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

## सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रमों की स्वयंसेवकों ने दी प्रस्तुति

# उमावि में हर्षोल्लास से मना रासेयो का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ रक्तदान करने वाले स्वयंसेवक हुए पुरस्कृत

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 24 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आगाज टंकेश्वर पानीग्राही के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जिला संगठक शशि भूषण कनौजे सहायक प्राध्यापक शासकीय गुण्डाधुर महाविद्यालय ने ध्वाजारोहण एनएसएस गीत उठे समाज के लिए, उठे–उठे के साथ किया गया। तत्पश्चात विद्या की देवी मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विद्यालय कोण्डागांव के रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर नेताम द्वारा प्रतिवेदन का पाठन किया गया। जिला संगठक द्वारा एनएसएस की भूमिका पर विस्तार से उद्बोधन दिया गया। संस्था के प्राचार्य एवं अन्य अतिथियों द्वारा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। विशेष अतिथि आरके जैन भूतपूर्व जिला संगठक द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया। मुख्य अतिथि टंकेश्वर पाणीग्राही द्वारा सारगर्भित व्याख्यान दिया गया।





### नारियल के पत्तों से बना प्रवेशद्वार रहा आकर्षण का केन्द्र

एनएसएस के स्वयंसेवक चैतुराम, सम्पत नेताम के मार्गदर्शन में नारियल के पत्तों से प्रवेशद्वार का निर्माण किया गया जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। मुख्य अथिति एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा के स्वंय सेवकों को सामूहिक माँदर नृत्य, नाटक, सामूहिक गीत पर 1500 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। स्वयंसेवक सोनु सोरी, बैजन सोरी, दुर्गेश नेताम एवं सुरज पोयाम द्वारा रक्तदान करने पर विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रम में भाग लिया। मंच संचालन स्वयंसेवक मानव देवांगन, खुशी पटेल एवं वंदना नाग ने किया। छात्र लोकेश देवांगन ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

### इनका रहा योगदान

राजेश पाण्डेय, जयंत कुमार मजुमदार, श्रीमती देवयानी चौधरी, श्रीमती शांति कौशल, सुश्री रेखा ठाकुर, बी जॉन, राधेश्याम मांझी, मो. युसुफ, श्रीमती नीरू सिंह, श्रीमती ममता लकड़ा, श्रीमती भोमेश्वरी मरकाम, श्रीमती मृदुला गायकवाड, दीपलता मरकाम, विजय नारायण पाण्डेय, परसु राम नामदेव, संजय ढाली, लक्ष्मण पोयाम, अभिलाष निषाद, श्रीमती बेबीमाला गायकवाड, शिवचरण मण्डावी, लालजी मण्डावी, श्रीमती कुसुम नेताम, आकाश चौरे, प्रीतेश नेताम, बालसाय सोड़ी, श्रीमती गरिमा देवांगन, श्रीमती अर्चना तिर्की, जितेन्द्र कुमार नेताम, सबीर सोरी सभी कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता दी। स्वयंसेवक मनीष वट्टी, सुजर, लोकेश देवांगन, बैजन सोरी, सोनु सोरी, शैलेश, मानव, श्याम, रूपेश, सुरज पोयाम, राधिका, कु. विनिता, कु. निशा पाण्डेय, कु. पूनम मरकाम, कु. काजल कुंजाम एवं एन.सी.सी कैडेट टिकेश्वर यादव, श्रवण, योगेश मांझी सहित स्कूल के समस्त कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## पेज 9 के शेष

### पेयजल के लिए...

बजे खुदाई चालू करवाया और रातभर खुदाई हुई, परंतु टूटा हुआ पाईप नहीं मिला। खुदाई करने वाली टीम को टूटा पाईप 25 सितंबर को दोपहर को मिला, परंतु पानी भर जाने के कारण पानी को निकालने में कई घंटे लग गए, उसके बाद टूटे पाईप को हटाकर नए पाईप को डालकर जोड़ा गया। पाईप के जुड़ जाने के बाद 25 सितंबर को दूसरे हाफ में सायं 4 बजे पानी की सप्लाई हो पाई, तब जाकर जनता ने राहत की सांस लिया।

### रासेयो का स्थापना...

अधिकारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य मैं नहीं, बल्कि आप से अपने विचार प्रस्तुत किए और इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा किया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं और मंच का संचालन देवेश ने किया। कार्यक्रम का आभार गरिमा ने व्यक्त किया।

### कृषि शैक्षणिक...

हर्बल कार्य, नारायणपुर में रामकृष्ण मिशन आश्रम में इंटीग्रेटेड फॉर्म के लिए रवानगी किया गया। इस अवसर पर पीलम नरेटी, राधा जैन, विजय पटेल, अशोक जैन, शकुंतला नरेटी, जनक आरदे, सीआर भास्कर, हलधर नेगी, डोमेंद्र धारीवाल, कमलेश पदमाकर, रुपेश नेताम, बलवंत बघेल एवं समस्त कृषक बंधु उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 27 को होगी सभी विभागों में ताला बंदी

भोंड। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, जिला संयोजक आरडी तिवारी की अनुशंसा पर 27 सितम्बर के आंदोलन को समस्त विभागों के कर्मचारियों को सफल बनाने एवं फेडरेशन को गति प्रदान करने के लिए ब्लॉक संयोजक शैलेन्द्र तिवारी ने ब्लॉक कार्यकारणी का विस्तार करते हुए नियुक्ति की है। जिसमें प्रमुख रूप से संरक्षक मंगलू राम कश्यप, परमेश्वर प्रसाद जोशी, संयोजक शैलेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष भागचन्द कश्यप, कैलाश जैन, लैखन कश्यप, अनिता कश्यप, धनेश्वर कश्यप, सचिव योगेश हरदाहे, सह सचिव शारदा कश्यप, कोषाध्यक्ष जीएस ठाकुर, महामंत्री दुर्गा शंकर तिवारी, लक्ष्मीनाथ कश्यप, महासचिव रूपसिंह बघेल, प्रेमनाथ दिवान, प्रवक्ता चंद्रभान मिश्रा, श्रीधर पांडेय, मीडिया प्रभारी चुम्मन सिंह नाग, प्रचार मंत्री सुनिता रामटेके, संगठन मंत्री धीरेंद्र यादव, महेश सिंह राठौर समेत कार्यकारणी सदस्यों की नियुक्ति की गई है। उपरोक्त जानकारी ब्लॉक संयोजक शैलेन्द्र तिवारी ने दी है।

### स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन

दंतेवाड़ा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के वर्ष 2024-25 के नवीन स्वीकृत आवास के योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए जिला प्रशासन के नवीन पहल ठोठा घर पंडूम (बेघरों के लिए आवास त्यौहार) की शुरूआत की गई है। इसके तहत जिला में जनपद कुआकोंडा अंतर्गत अंदरूनी एवं दूरस्थ क्षेत्र के ग्राम अरनपुर, समलावार, पोटाली, तनेली आदि में सभी ग्राम वासियों के साथ हर्षोल्लास के साथ पंडूम (त्यौहार) मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवीन स्वीकृत हितग्राही के गृह पूजन कर ग्राम देवता के आशीर्वाद के साथ कार्य प्रारंभ किया गया। जिसमें ग्राम पटेल, पुजारी, सरपंच, ग्राम प्रमुख आदि शामिल हुए। ज्ञात हो कि जनपद में कुल 1800 से अधिक आवास स्वीकृत हो चुके है, जिसके अंतर्गत जनपद कुआकोंडा के सभी पंचायतों में यह पंडुम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## कोंटा बार्डर क्षेत्र का नव पदस्थ कलेक्टर ने किया दौरा

# बच्चों के स्वास्थ्य व सुरक्षा पर देवें विशेष ध्यान : देवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा



जिले के नव पदस्थ कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने शुक्रवार को केरलापाल स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केरलापाल और विकासखण्ड कोंटा अंतर्गत पीएमश्री आवासीय विद्यालय कन्या पोटाकेबिन पेदाकुरती और शासकीय प्राथमिक शाला मुरलीगुड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने स्कूल में साइकिल वितरण, शिक्षा हेतु उपयोग स्मार्ट टीवी का जायजा लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के देश दुनिया की जानकारी के लिए नियमित रूप से समाचार पत्र उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली और लैब कक्ष का निरीक्षण कर नियमित रूप से उपयोग के निर्देश दिए। कलेक्टर ध्रुव ने पिछले वर्ष की परीक्षा परिणाम की भी जानकारी ली। इसके पश्चात स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। पीएचसी में कलेक्टर ने ओपीडी और आईपीडी सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने एएनएम की उपस्थिति और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लेबर रूम का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ केंद्रों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने मरीजों से रूबरू होकर कुशलक्षेम जाना।

### कलेक्टर बच्चों से हुए रूबरू

पीएमश्री कन्या आवासीय पोटाकेबिन पेदाकुरती में छात्राओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने छात्राओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। आवासीय पोटाकेबिन में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर सुविधा के लिए बच्चों की स्वास्थ की जांच कराने को कहा। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार सहित मैदानी अधिकारियों के दूरभाष नंबर सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि छात्राओं को किसी आपात स्थिति में आसानी से संपर्क किया जा सके।

### बच्चों के स्वास्थ्य पर दें विशेष ध्यान

शासकीय प्राथमिक शाला मुरलीगुड़ा और बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन कोंटा का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पोटाकेबिन कोंटा में शयन कक्ष और लायब्रेरी का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास की साफ-सफाई और सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन की सराहना की।

## एनएसएस ने मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएसएस इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार द्वारा एनएसएस स्थापना दिवस सह माय भारत पोर्टल पंजीयन प्रशिक्षण कार्यक्रम आज आयोजित किया गया। जिसमें एनएसएस सलाहकार समिति के सदस्य व विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर तुलादास मानिकपुरी ने एनएसएस के उद्देश्यों व कर्तव्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सेवा भाव से कार्य करें, तो विकसित भारत के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते है। राजेश गुप्ता ने युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के कार्यों को अनुसरण कर समाज सेवा में जीवन का छोटा सा हिस्सा देने की बात कही। बुधराम कश्यप ने स्वच्छता पर बात रखते हुए कहा कि हम स्वच्छता स्वयं से, घर से और जिस जगह पर रहते हैं पढ़ते हैं वहां से शुरू करें। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डाला और व्यक्तित्व विकास की बात कही। सहायक अधिकारी मनोहर सिंह बरनाला सेवा का अर्थ बताते हुए कहा कि सेवा मतलब जीव जगत की सेवा करने से है। इस अवसर पर माय भारत पोर्टल पर वॉलंटियर्स की प्रोजेक्टर के माध्यम से पंजीयन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में महादल नायक विकास मौर्य, महादल नायिका निशा बघेल, अनुराधा बघेल, नंदनी समेत अन्य मौजूद रहें।

## लेम्प्स बस्तर में हुआ वार्षिक आम सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

- कर्ज में बढ़ोत्तरी करने किसानों ने की मांग, 11 गांव के 200 किसान हुए शामिल



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति शाखा बस्तर वार्षिक आमसभा का आयोजन लेम्प्स प्रांगण बस्तर में आज किया गया। जिसमें 11 गांव के लगभग 200 किसान शामिल हुए। इस दौरान शाखा प्रबंधक केआर कश्यप ने बीते वर्ष के आय-व्यय की विस्तृत जानकारी दी एवं आगामी वर्ष के बजट का अनुमोदन किसानों की उपस्थिति में किया। इस दौरान पूर्व लेम्प्स उपाध्यक्ष रामानंद मिश्रा ने कहा कि किसान अन्नदाता है। यह किसानों के लिए सहकारी विभाग है। उसे ध्यान में रखते हुए शासन ने बहुत अच्छा प्रबंध किया है। खेती किसानी के लिए किसान फ्री में कर्ज लेते हैं, ब्याज सरकार पटा रही है। कर्ज लेने वाले किसान समय पर कर्ज की राशि पटाये। एक साल में दो बार खरीफ और रवि सीजन में कर्ज मिलता है। आम सभा में किसानों ने कर्ज में बढ़ोत्तरी किये जाने की मांग की। किसानों के विभिन्न हित में चर्चा किया गया। आम सभा कार्यक्रम में सहकारिता विस्तार अधिकारी अजय सिंह सिदार, शाखा प्रबंधक केआर कश्यप, लेम्प्स प्रबंधक राजीव त्रिपाठी, दीनदयाल पानीग्राही सहित जनपद सदस्य फूल सिंह मौर्य, मेदल, शंकर बघेल, नरसिंह नागेश, अनूप तिवारी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## तपेश्वरी माता मंदिर प्रांगण में भाजपा ओबीसी मोर्चा ने की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

- एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया



भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर लगातार सदस्यता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में समलुर ग्राम में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को विश्व के सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी नवीन विश्वकर्मा एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री ओम सोनी ने समलुर ग्राम के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की प्रक्रिया से अवगत कराया एवं उन्हें सदस्य भी बनाया। इस दौरान क्षेत्र की प्रसिद्ध तपेश्वरी माता मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई भी की गई एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष खिरेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नारियल, नींबू और अन्य पौधों का रोपण भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ठाकुर, सोशल मिडिया प्रभारी जेनेन्द्र ठाकुर, बूथ अध्यक्ष एवं उप सरपंच महादेव ठाकुर, रामराज ठाकुर, बलभद्र ठाकुर, भदरू सियान, कलम सिंह, बाल सिंह, प्रेम सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## किसानों की हुई संगोष्ठी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| परचनपाल

बस्तर किसान कल्याण संघ सब्जी उत्पादक किसानों का एक समूह हैं, जो समय-समय पर किसानों का प्रशिक्षित करने का कार्य करता हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भिरलींगा स्थित संघ भवन में दवा निर्माता कम्पनी आईआईएल के साथ किसान संगोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें किसानों को उनकी फसलों को किट एवं फंगस से बचाने के कारगर उपायों के बारे में कम्पनी के प्रतिनिधी के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। लगभग 200 किसानों ने संगोष्ठी में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

उक्त जानकारी बस्तर किसान कल्याण संघ के सचिव जितेन्द्र खत्री ने दी है।

## लामा एकेडमी नारायणपुर ने जीता फाइनल मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



युवा जागृति क्लब सुकमा के तत्वावधान में स्व. दिलीप खलखो स्मृति ओपन फुटबॉल स्पर्धा 2024 का फाइनल मैच मिनी स्टेडियम सुकमा में खेला गया। जिसमें स्थानीय टीमों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा, आंध्र प्रदेश सहित धमतरी, नगरी, नारायणपुर, जगदलपुर के टीमों ने भी भाग लिया। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को खेला गया।

इस स्पर्धा का फाइनल मैच एमवी 2 ओडिशा और लामा एकेडमी नारायणपुर के मध्य खेला गया। दोनों ही टीम के डिफेंडरों ने बेहतरीन डिफेंड करते हुए गोल मारने का मौका नहीं दिया। दोनों टीम के डिफेंडर इतने मजबूत थे कि फारवर्ड खेल रहे खिलाड़ियों को पेनाल्टी एरिया से दूर रखा और गोल करने का कोई अवसर नहीं दिया। जिसके चलते दोनों ही टीम को मैच के अंतिम समय तक कोई गोल मारने में सफलता नहीं मिली थी।

तय समय से महज 4 मिनट पहले ही नारायणपुर के मिड फील्डर मिथिलेश सलाम ने सेंटर फारवर्ड की जगह लेते हुए डिफेंडरों को चकमा दे कर पहला गोल दाग कर 1-0 से बढ़त बनाई। मैच के अंतिम 4 मिनिट में एमवी 2ओडिशा ने फिर एक बार प्रयास किया पर सफलता हासिल नहीं हुई। लिहाजा नारायणपुर ने यह फाइनल मैच 1-0 से अपने नाम कर लिया। इस स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार सीतू लामा एकेडमी नारायणपुर के खिलाड़ी को प्राप्त हुआ, वहीं सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर रमेश एमवी 2 को मिला और सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड खिलाड़ी नारायणपुर के जयराम को, सर्वश्रेष्ठ मिड फील्डर तनुज जैसवाल सुकमा को, वहीं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवधेश सुकमा के खिलाड़ी को प्राप्त हुआ। इस स्पर्धा का प्रथम पुरस्कार शेख मोहम्मद अली के द्वारा प्रदत्त 51 हजार, वहीं दूसरा पुरस्कार राजेश नारा द्वारा प्रदत्त 25 हजार दिया गया।

फाइनल मैच के दौरान अतिथि हरीश कवासी, मनोज देव, लीलाधर राठी, विश्व राज सिंह चौहान, मोहम्मद अली, राजेश नारा, बाबा,दिलीप पटेल, रत्नेश वर्मा मोहम्मद अनवर मौजूद रहे।

वहीं अतिथियों ने सभी मेहमान खिलाड़ियों का प्रोत्साहन किया और युवा जागृति क्लब के इस कार्यक्रम को सराहा। युवा जागृति क्लब के अध्यक्ष विरुपाक्ष पुराणिक, एंथोनी राम, रिंकू दास, दिनेश उसेंडी, शिबू, राजा नाग, मनीष, विवेक, लोकेश, राहुल, रवि, गोविंद, अनिल, बल्लू, कैलाश, तैनाय, तनुज, अनुराग, विप्लव, मंथन, कुनाल, राहुल पुजारी, बिट्टू, साहिल, हेमंत सहित क्लब के सभी सदस्य उपस्थिति रहे।

## बाल मित्र पुस्तकालय सह गतिविधि केंद्र का कलेक्टर ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज एक दिवसीय भ्रमण के दौरान कंवलनार पंचायत का दौरा करते बाल मित्र पुस्तकालय एवं गतिविधि केंद्र में बालमित्र कार्यकर्ता के साथ संवाद किया। उन्होंने बाल मित्र कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए गांव में घर-घर सर्वेक्षण कर शाला त्यागी बच्चों के आंकड़े की जानकारी के अलावा उन्हें स्कूलों में वापस लाये जाने के प्रयासों को जानना चाहा। ज्ञात हो कि जिले में बाल मित्रों के घर-घर इस सर्वेक्षणों के माध्यम से जिले में 3,000 ऐसे बच्चों की पहचान की गई है और बाल मित्र, पंचायत और शिक्षकों के सहयोग से इन बच्चों को पुनः स्कूल में दाखिला दिलाने का प्रयास कर रहा है। जिनमें अब तक 700 बच्चों को सफलतापूर्वक स्कूल में वापस लाया जा चुका है। प्रशासन का लक्ष्य है कि अगले तीन महीनों में सभी पहचाने गए बच्चों को स्कूल में वापस लाया जाए। कलेक्टर ने इस दौरान बाल मित्र फेलो की सराहना करते हुए उन्हें और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उनका कहना था कि बाल मित्र उसी गांव के रहवासी है जिसके लिए वे कार्य कर रहे हैं। अतः गांव को सशक्त बनाने की जिम्मेदारी उनकी ही है। इस कार्यक्रम में मुम्बई की ऑस्कर फाउंडेशन के अशोक और शिल्पी उपस्थित थी।

## फर्जी गिरफ्तारियां, तेंदूपत्ता, शिक्षा, स्वास्थ्य पर जनता कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



बीजापुर में जनसमस्याओं को लेकर आज जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी ने जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में एवं पार्टी के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष टाकेश्वर भारद्वाज, सभागीय महामंत्री गुड्डू कोरसा की उपस्थिति में जिला कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तेंदूपत्ता से जुड़े विषय के साथ, बढ़ती अपराध, फर्जी गिरफ्तारियां, शिक्षा व्यवस्था सुधारने, डॉक्टरों की भर्ती जो बीएड कर रहे उन्हें प्राथमिकता से नौकरी देने, चिटफंड में हितग्राहियों का धन वापसी के साथ जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे पार्टी के संभाग अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों की सुरक्षा एवं स्थानीय बेरोजगारों को अवसर देने जैसे मांग शामिल है। इस दौरान बस्तर संभाग महामंत्री गुड्डु कोराम, बीजापुर जिला उपध्यक्ष अंगणपल्ली चलमईया, चुन्नू कोड़ियाम, जगदलपुर विधानसभा अध्यक्ष संतोष, रोशन झाड़ी, चंद्रशेखर अगणपल्ली, दशरू मॉडियम, सुकमा जिला अध्यक्ष पी. प्रसाद राजू, गुलशन भंडारी समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वृद्ध ने पीपल पेड़ में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शारीरिक परेशानी के कारण एक वृद्ध ने पीपल पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम ढीमरटिकुर निवासी रामप्रसाद निषाद पिता सोनराम उम्र 65 वर्ष लंबे समय से यूरीन की समस्या से पीड़ित था। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा था लेकिन उसकी समस्या ठीक नहीं हो रही थी। बीमारी से परेशान होकर वृद्ध ने सोमवार की रात्रि गांव के साहड़ा चौक स्थित पीपल पेड़ में गमछे का फंदा बना फांसी लगा ली। मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर अर्जुनी पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेजा।

## खाद्य तेल के दाम में अप्रत्याशित वृद्धि

- 1650 का तेल टिन 2150 रुपए हुआ
- त्योहारी सीजन में दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ा, गृहणियों ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी




खाद्य तेल के दाम में 20 प्रतिशत की अप्रत्याशित वृद्धि हो गई है। त्योहारी सीजन में तेल के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। तेल के दाम और बढ़ने के आसार के चलते तेल की जमाखोरी शुरू हो गई है।

गृहणी रूक्मणि साहू, किरण देवांगन, पूजा पटेल ने बताया कि खाद्य पदार्थों में तेल आवश्यक वस्तु है। इसके बिना रसोई का कोई काम नहीं होता। सप्ताह भर पहले तेल का दाम प्रति किलो 110 रूपये था । अब वही तेल 140 रूपये में मिल रहा है। आटा का दाम भी 3 रूपये किलो बढ़ गया है। दुर्गा प्रोविजन स्टोर्स के संचालक विशाल सुंदरानी ने बताया कि भारत देश में तेल की आपूर्ति विदेशों से होती है। केन्द्र सरकार के आयात शुल्क बढ़ाने से दाम में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो गई है। पाम आईल, सोयाबीन, सूरजमुखी का सीमा शुल्क 5.5 प्रतिशत से 27.5 प्रतिशत तथा रिफाइंड आईल पर 13.5 प्रतिशत से 35.75 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। उन्होंने बताया कि फार्चून सनफ्लावर 15 लीटर टिन 1650 से 2050 रूपये, सोयाबीन 15 किलो टिन 1650 से 2150 रूपये हो गया है। महाकोष 1 लीटर का पाउच 105 से 130 तथा फार्चून 1 लीटर आईल 115 से 140 रूपये हो गया है। आटा के दाम भी बढ़े हैं। पांच किलो का बालाजी आटा 170 से 190 रूपये हो गया है। बताया जा रहा है कि जमाखोरी के चलते तेल के दाम और बढ़ सकते हैं।

## स्कूली बच्चों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली




भोपालपटनम। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत चल रहे 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम प्रतिदिवस किया जा रहा है। जिसमें नगर अध्यक्ष रिंकी कोरम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार कोसरिया द्वारा पौध रोपण कार्य का आयोजन आज किया गया। जिसमें अध्यक्ष, सीएमओ, पार्षद गण, इंजीनियर तथा समस्त स्टॉफ ने एक-एक पेड़ लगाया।
इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं कन्या हाई स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।
जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व यशवंत नाग, नगर पंचायत सीएमओ दिनेश कोसरिया, इंजीनियर हरीश ध्रुव एवं स्कूल संस्था के विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रवीणलाल कुडेम, स्वामी आत्मानंद के प्राचार्य एन. राजेश, स्कूल स्टाफ एवं छात्रगण एवं नगर पंचायत के किष्टैया इराबोइना, सूर्यकिरण चिढेम एवं समस्त कर्मचारी की भागीदारी रही। उसके पश्चात स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्वच्छता पर रंगोली ,निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा सिग्नेचर बोर्ड पर सभी ने अपने हस्ताक्षर किये। भोपालपटनम निकाय में स्वच्छता इवेंट के तहत श्रमदान हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वच्छता वाहन, झाडू, टी- शर्ट, पेयजल, टॉफी, स्वल्पाहार की व्यवस्था की गयी है।

## जमीन सुधारो नहीं तो कर लूंगी आत्मदाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



भारतमाला सड़क बनाने के लिए एक गरीब किसान की जमीन को खोदकर मुरूम निकाली गई। खेत इतना गहरा हो गया है कि उसकी फसल पानी में डूब गई है। किसान ने मुआवजा के साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कलेक्टर से की है। कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित करते हुए जालमपुर वार्ड निवासी उमा बाई साहू ने बताया कि वह गंगरेल डूब प्रभावित हैं। ग्राम सलोनी में वह दस साल से 5 एकड़ में कृषि कार्य कर रही है। जमीन को खेती के लायक बनाने के लिए उसने कर्ज लेकर लागत लगाई है। जमीन पथरीली और मुरूमयुक्त है। इस पर मिट्टी डालकर उसने खेत तैयार किया है। इस जमीन में अच्छी फसल हो रही थी लेकिन कुछ माह पहले इस जमीन से मुरूम निकालकर भारतमाला सड़क बनाई जा रही है। मुरूम निकालने के लिए लगभग 12 गहरा गड्ढा खोद दिया गया है। इसकी शिकायत उसने कलेक्टर से की थी। उसने दोषियों पर कार्रवाई और जमीन पर मिट्टी डाल कर उसे दोबारा कृषि लायक बनाने की मांग की थी।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर द्वारा तहसील बांदे के ग्राम स्वरूपनगर निवासी 70 वर्षीय धीरेन मंडल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके पुत्र समीर मंडल को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है।

### लापता बच्चे के मिलने पर पुलिस प्रशासन की सराहना

**जगदलपुर।** लेबर पार्टी ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष महेश स्वर्ण ने दंतेवाड़ा ग्राम पंचायत पोंदुम के 1 सितंबर 2024 को लापता हुए बच्चा राजकुमार पोडियम के कांकेर जिले में 18 दिन बाद सकुशल मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने राजकुमार और उनके परिवार से मुलाकात कर उनका हाल जाना। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की सक्रियता और मेहनत का परिणाम है।

### चमेली नेताम को मिला सुशील यदु सम्मान

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति का सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन वृंदावन हाल रायपुर में मनाया गया। मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, डॉ. महंत राम सुंदर दास, डॉ. अभिलाषा बेहार तथा साहित्यकार-कवि उपस्थित थे। सम्मान समारोह में सुशील यदु सम्मान चमेली नेताम को दिया गया। चमेली नेताम ने कहा कि यह सम्मान बस्तरवासियों और छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति का है।

### प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा स्थगित

**जगदलपुर।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 29 सितंबर को प्रयोगशाला तकनीशियन पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाना था। जिसे अपरिहार्य कारण से स्थगित किया गया है। परीक्षा का आयोजन 6 अक्टूबर को दोपहर 2 से 4.15 बजे तक किया जाएगा।

### माता रूक्मिणी में मना एनएसएस डे

**जगदलपुर।** माता रुक्मिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एनएसएस डे मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी मौसमी भूते द्वारा एनएसएस डे 2024 के थीम, उसके स्थापना के उद्देश्यों की जानकारी देने के पश्चात संस्थान के संस्थापक पदमश्री धर्मपाल सैनी ने स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र पर पुष्पार्पण के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की। पद्मश्री सैनी ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना की थीम स्वच्छता ही सेवा, स्वभाव स्वच्छता, संस्कार ही स्वच्छता विषय पर विस्तार से उपस्थित एनएसएस की छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को बताते हुए इसे जीवन के अनिवार्य हिस्से के रूप में स्वीकारने की बात कही। इस अवसर पर प्राचार्य विनोदचंद्र जोशी, रघुचन्द्र करे एवं अन्य शिक्षक- शिक्षिकाओं ने अपने विचार व्यक्त किए। एनएसएस डे के मौके पर पद्मश्री धर्मपाल सैनी, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा एनएसएस की छात्राओं द्वारा पौध रोपण भी किया गया।

# गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए सात को रायपुर में विशाल अभियान

## चारों मठाधीश एवं पीठाधीशों के मार्गदर्शन में वृहद अभियान चलाया जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

गौमाता को राष्ट्रमाता की दर्जा दिलाने की अभियान के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार को मंगलम भवन भानुप्रतापपुर में गौ सेवको की बैठक आयोजित की गई। आगामी 7 अक्टूबर को रायपुर के सांइस कालेज मैदान में विशाल अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य गौमाता को राष्ट्रमाता की दर्जा दिलाने की अभियान के लिए 7 अक्टूबर साइंस कॉलेज मैदान रायपुर से जनसभा का अभियान प्रारंभ किया जा जिसमे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति देते हुए अपना जनमत एवं बहुमत देने की अपील की गई। गौ सेवक प्रचार विशेन जी, अमित उपाध्याय एवं गौ सांसद वकील ने कहा कि नीत प्रतिदिन गौ माता कि हत्या किए जा रहे है। इसलिए गौ माता को राष्ट्रमाता की दर्जा दिलाने के लिए चारो मठाधीश एवं पीठा धीश के मार्गदर्शन में वृहद अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक संसद को गौमाता कि हत्या पर रोक लगाते हुए राष्ट्रमाता कि दर्ज दिलाने के लिए ज्ञापन सौपा जा रहा है ताकि संसद की बैठक में गौमाता के विषय पर प्रमुखता से आवाज उठाये जा सके। गौमाता के लिए अलग मंत्रालय बनाये जाए गौमाता को पशु की दर्जा को हटाकर गौमाता राष्ट्र माता की दर्जा दिलाये तभी हम सब गौमाता की रक्षा कर सकेंगे।

### बैठक में लोगों ने रखे अपने विचार

बैठक में कांकेर लोकसभा के भानुप्रतापपुर, कांकेर एवं पखांजुर गौसेवा के विधायक द्वारा एवं गौ सेवको ने अपनी अपनी समस्या विस्तारपूर्वक बताये गए। इनके अलावा अंनत गोपाल कोठारी, नरेश जैन, ईश्वर साहू, सावित्री श्रीवास्तव, राजेश पांडेय सहित अन्य लोगो ने अपनी विचार रखे।





### तिरुपति मंदिर में चर्बीयुक्त प्रसाद पर आक्रोश

**भानुप्रतापपुर।** हिन्दू संनातन धर्म एवं आस्था के पवित्र तीर्थ स्थल तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसादम में चर्बी का प्रयोग करने एवं आएदिन देश भर में सनातन के विरुद्ध अपमान एवं अपराध के विरुद्ध बुधवार को आक्रोश रैली निकालकर महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री मंत्री के नाम से एसडीएम भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौपते हुए दोषियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। इस अवसर पर मोहन हर्दवानी, अनत गोपाल कोठारी, भगत शांडिल्य, नरोत्तम चौहान, अमित उपाध्याय, अनुराग जितेंद्र, गौ सांसद वकील, चंद्र मौली मिश्रा, किशन कुमार मंत्री, नरेश जैन, ईश्वर साहू, शुक्ला , कृष्णा ठाकुर, वैधराज आहूजा, अम्बिका सोनी, नरेंद्र राठौर, दीपक शर्मा, संजय नायक, आशा, राहुल सिंह धुनने, ज्वाला प्रसाद, लकमण कुलदीप, हरेश चक्रधारी, बिट्टू सरदार, बाधवा सरदार, श्री गटकारी, संजय साहू, मातृशक्ति उमा साहू, अंनिता श्रीवास्तव, लक्ष्मी साहू, आदि लोग उपस्थित रहे।

## दिवस : कोरर विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम

# रासेयो के स्थापना दिवस पर हुई निबंध लेखन कविता पाठ, रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर

स्वामी आत्मानंद हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोरर में बस्तर संभाग समन्वयक डॉ. डी.एल.पटेल के मार्गदर्शन एवं जिला संगठक भागीरथी नायक की प्रेरणा से प्राचार्य शिवराज टांडिया के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी जनक राम कोमरा के द्वारा कार्यक्रम का संयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य एवं अतिथियो के द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गाया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा निबंध लेखन, कविता पठन, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वयं सेवकों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि रासेयो के माध्यम से हमने व्यवहारिक ज्ञान, नैतिक मूल्य सामाजिक जीवन ,नेतृत्व क्षमता का विकास ,मंच संचालन,जैसे कार्य सीखें तथा आज हमारे अंदर जो आत्मविश्वास है वो राष्ट्रीय सेवा योजना के दैनिक, सप्ताहिक,एवं शिविर के दौरान सीखें हुए कार्यों के वजह से है।

कार्यक्रम में वक्ता के रूप में नितिन ध्रुव ने रासेयो के स्थापना के उद्देश्यों को बतलाते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय योजना है. यह योजना, छात्रों को सामुदायिक सेवा गतिविधियों में भाग लेने का मौका देती हैं।



### लाल और नीला रंग है एनएसएस की पहचान

एनएसएस के लोगो में लाल और नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है. लाल रंग का मतलब है कि स्वयंसेवक युवा रक्त से भरा है. वहीं, गहरा नीला रंग ब्रह्मांड को दर्शाता है और कहा कि आने वाले निकट भविष्य में ऐसे हमारे बच्चों को भी मिले ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं। इस अवसर पर मोनिषा मरई,अरूण केमरो,राजेश शुक्ला सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। मंच संचालन दुष्यंत सोनकर ने किया और आभार प्रदर्शन भारती देवांगन ने किया।

### ज़िम्मेदारी और सामुदायिक सेवा की भावना का होगा स्फुरण

व्याख्याता राजेन्द्र नेताम ने कहा कि छात्रों में सामाजिक ज़िम्मेदारी और सामुदायिक सेवा की भावना पैदा करना ,छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना , छात्रों को समाज सेवा के लिए प्रेरित करना। छात्रों में नेतृत्व, सहयोग, और नागरिक जुड़ाव जैसे गुणों का विकास करना , छात्रों को शिक्षा और सामाजिक ज़रूरतों के बीच की खाई को पाटने में मदद करने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए तैयार किया जाता है।

व्याख्याता अनुपम जोफर ने बताया कि रासेयो की शुरुआत भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष में 24 सितम्बर 1969 में 2 विश्वविद्यालयों में हुई थी. तथा 10+2 में सन 1988में रासेयो प्रारंभ की गई। सन 1990 में मध्यप्रदेश में रासेयो का पाठ्यक्रम लागू किया गया, जिसमें रासेयो के पाठ्यक्रम को ए,बी,एवं सी प्रमाण पत्र में विभक्त किया गया। रासेयो में शामिल होने के लिए, छात्रों को स्वयंसेवक के तौर पर कम से कम 120 घंटे का समाज सेवा कार्य करना होता है।

दो साल में 240 घंटे का समाज सेवा कार्य पूरा करने पर छात्रों को विश्वविद्यालय या कॉलेज से प्रमाण पत्र मिलता है. साथ ही बताया कि एनएसएस स्वयंसेवकों को हर साल इंदिरा गांधी एनएसएस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

# पं. दीनदयाल की जीवन शैली युवकों के लिए प्रेरणादायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानु प्रतापपुर के द्वारा 25 सितंबर को शक्ति केन्द्र वा ग्राम पंचायत बोगर मे जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर मोर बूथ मोर अभियान कार्यक्रम के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जीके छायाचित्र पर पूजा अर्चना माल्यार्पण कर मनाई गई एवं उपस्थित युवाओं को मोबाइल नमो ऐप से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।

इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने उपस्थित युवाओं को एकात्मक मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए लोगों को प्रेरित करने के साथ साथ उनके जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया इस अवसर पर युवा मोर्चा के सक्रिय सदस्य राहुल सिंह धुन्ने ने पंडित जी के जीवन पर लोगों को बताया और उनके द्वारा किए गए त्याग परिश्रम के संबंध में जानकारी दी इस दौरान कार्यक्रम मैं जनपद सदस्य शक्ति केंद्र प्रभारी कमलेश निषाद भाजपा मण्डल मंत्री सहप्रभारी प्रताप निषाद निलेश दुग्गा अशोक साहू योगेंद्र कोठारी लालचंद कोठारी सूरज कोठारी सुरेंद्र कोठारी अजय कुमार नेताम योगिता कोठारी उर्मिला नेताम वेदबाई कोठारी विक्रम ध्रुव सन्नी राम कोठारी गोपाल यादव उमेश चैतराम निषाद अरविंद ध्रुव पिंटू कोर्राम रोशन बघेल आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व यूपी प्रभारी राजेश का कोरर में शानदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर

कांग्रेस नेता राजेश तिवारी के पुनः राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के प्रभारी बनने के उपरांत प्रथम कोरर आगमन पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर और जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नंदकिशोर राठी के निवास पहुंचे। जहां पर कार्यकर्ताओ द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए राजेश तिवारी ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए हम सबको मिलकर संगठित होकर कार्य करना होगा। छत्तीसगढ़ में साय सरकार नही असहाय सरकार है अपराध का ग्राफ बढ़ते जा रहा महिलाएं सुरक्षित नहीं है। गृह मंत्री के क्षेत्र में हत्या हो रही मगर कोई कार्यवाही नहीं आप के सहयोग मेहनत से छत्तीसगढ़ में फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी।

इस अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, पूर्व पुलिस महानिदेशक भारत भूषण सिंह ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव , प्रदेश कांग्रेस सचिव जनक नंदन कश्यप, प्रदेश कांग्रेस सचिव बसंत यादव, पूर्व वित्त प्रबंधक भिलाई स्टील प्लांट राकेश ठाकुर, सरपंच सौरभ ठाकुर कांग्रेस नेता, शिवा शुक्ला राजकुमार राठी प्रदीप ठाकुर जोन कांग्रेस अध्यक्ष अकरम कुरैशी, जिला सयुक्त सचिव राघवेंद्र राजपूत, रमेश पांडे, अनील राठी, शोएब अहमद, हिंसाराम, भुरखुरिया, अशोक गुप्ता, कवल कुंजाम, कार्तिक जैन, बिरझू नेताम, पुरन नायक, उमराव जुर्री, दामेश्वर दर्रो, शोपसिह कावडे, सोनसाय कावड़े ,जुनाऊ गावड़े, पारसमणि सिन्हा, मनी पदमाकर, नारायण जैन, बिहाऊ कोर्राम,अर्जुन वर्मा ,नंदू यदु, जनक टेकाम, शिव सेन, बद्रीनाथ शांडिल्य, चैतुराम कांगे, सुरेंद्र टेकाम, झगरू धनकर, जयपाल चिराम, बनसागर, नकछेड़ा मंडावी,राकेश साहू, किशन गांवर आदि उपस्थित रहे।



# पं दीनदयाल जयंती पर कार्यकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शहर के राजापारा वार्ड में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पूर्व पार्षद समाज सेवक अजय पप्पू मोटवानी के द्वारा समारोह आयोजित किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पूर्ववर्ती जनसंघ के संस्थापक सदस्य तथा अध्यक्ष रह चुके थे। अजय पप्पू मोटवानी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि उपाध्याय एकात्म मानवता वाद की विचारधारा के प्रेरक थे। उन्होंने सदस्यों को सदैव उपयोगी परामर्श देते हुए संगठन के विस्तार में हर तरह से सहायता की थी।

जयंती समारोह में मतदान केंद्र प्रभारी अजय पप्पू मोटवानी तथा भाजपा सदस्यों ने दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद लक्ष्मी देहारी, वरिष्ठ भाजपा सदस्य सक्रिय कार्यकर्ता ललित शर्मा, कुमार सिंह ठाकुर, गीता कुंजाम, सुशीला यादव, उर्मिला यादव, सुरेश यादव, सरोज यादव, संगीता यादव, आशा यादव, धर्मेंद्र देव, श्रद्धेश चौहान, प्रमोद सिंह ठाकुर, जितेंद्र प्रताप देव, करण नेताम, पप्पू साहू, बंटी देहारी, संजू यादव उपस्थित रहे। दीनदयाल की याद में समारोह में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का यथा योग्य अभिनंदन भी किया गया, जिसमें लक्ष्मी देहारी, पूर्व पार्षद ललित शर्मा, कुमार सिंह ठाकुर,गीताकुंजाम ,सुशीला यादव, उर्मिला यादव, सुरेखा यादव, आशा यादव इत्यादि कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# जूडो प्रतियोगिता में विद्या ज्योति स्कूल का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- 3 गोल्ड, 2 सिल्वर, 3 ब्रांस पदक हासिल कर स्कूल का नाम किया रौशन

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सीबीएसई जोनल लेवल जूडो प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल रायपुर द्वारा 20 से 22 सितम्बर तक जोनल लेवल जूडो प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में विद्या ज्योति स्कूल जगदलपुर के छात्र जूडो खिलाड़ियों ने भाग लेकर विभिन्न आयु वर्ग के अपने वजन वर्ग पर कोच मकसूदा के मार्गदर्शन पर खेलते हुए बालक वर्ग में क्रिस्टी मंडावी, प्रशांत सार्दुल, मुसेफ गाजी ने प्रथम स्थान गोल्ड पदक प्राप्त किया। साथ ही बालिका वर्ग में आरवी अवस्थी, राघव बत्रा ने सिल्वर पदक द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रांजय यदु, श्रीकांत सोनी, एलेक्स कुमार ने ब्रांस पदक प्राप्त कर विद्या ज्योति स्कूल का नाम रौशन कर सीबीएसई राष्ट्रीय स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में अपनी जगह बनायी। जो आगामी 7 से 11 अक्टूबर तक झारखंड में आयोजित किया जाएगा। चयनित जूडो खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ियों की जबरदस्त उपलब्धि के लिए स्कूल के प्राचार्य फादर एंथोनी, सिस्टर ट्रिसा, समस्त शिक्षकगण, माता-पिता एवं जूडो संघ के पदाधिकारियों ने अपनी शुभकामनाएं दी और राष्ट्रीय स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिए उनका हौसला बढ़ाया।



# याद किए गए पंडित दीनदयाल

**जगदलपुर।** डॉ.भीमराव अंबेडकर शक्ति केंद्र के बलिराम कश्यप वार्ड के बूथ क्रमांक 142,143,159 में बुधवार को बूथ कार्यकर्ताओं के द्वारा संयुक्त रूप से मंगल भवन के सामने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर सफीरा साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रंजीत पाण्डेय एवं शक्ति केंद्र प्रभारी आशुतोष पॉल उपस्थित रहें। इन्होंने पंडित दीनदयाल के जीवनी पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात शक्ति केंद्र प्रभारी आशुतोष पॉल ने बूथ के कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान मोर बूथ मोर अभियान के तहत 100 सदस्य एक बूथ में बनाने अनुरोध किया। तत्पश्चात पंडित दीनदयाल की स्मृति में बुजुर्गों को कंबल और फल वितरित कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड वासी उपस्थित थे।



### दो को गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीलेश क्षीरसागर द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर आगामी 02 अक्टूबर 2024 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन उन्होंने जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल.4 (क) व्यवसायिक क्लब एवं एफ.एल.7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने आदेशित किए हैं। शुष्क दिवस के दौरान जिले में स्थित अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

# आंबा में बच्चों व माताओं को कुपोषण की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल



आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय कोदापाखा द्वारा जिला आयुष अधिकारी के निर्देश एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केवी गोपाल के मार्गदर्शन में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत 25 सितंबर को ग्राम वाटिनटोला के आंगनबाड़ी क्रमांक 2 में बच्चों एवं माताओं का स्वास्थ्य जांच कर माताओं में हीमोग्लोबिन एवं शुगर की जांच की गई।

कुपोषण के कारण व कुपोषण को दूर करने के लिए आहार विहार व दिनचर्या को बताया गया। पोषक आहार और चावल, गेहूं, मडिया, दाल, तैल ,गुड़, मुनगा, दूध, अंडा, मौसमी फल व सब्जी जो अपने क्षेत्र में आसानी से मिल जाता है, इसका महत्व व उपयोग की मात्रा बताई गई। महिलाओं को शारीरिक स्वच्छता का विशेष ध्यान देते हुए बच्चों की भी स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान देते हुए नशा पान के नुकसान को बताया गया। औषधालय के कर्मचारी सविता कोमरे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जमुना महावे, ग्वालीन कुलदीप, आंगनबाड़ी सहायिका हीरा बत्ती दुग्गा, सदाय उसेडी, मितानिन रामेश्वरी टांडिया, गीता टांडिया छेरकीन, सुकमेन दुग्गा का सहयोग रहा।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज




